Title: Regarding strike by the teachers of Banaras Hindu University (BHU).

श्री मनोज सिन्हा (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार तथा मानव संसाधन मंत्री का ध्यान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चल रहे अध्यापकों के आन्दोलन की और आकर्ाित करना चाहता हूं। वहां के अध्यापक पिछले पन्द्रह दिनों से हड़ताल पर हैं।

लगभग डेढ़ वर्ा पहले चयन समिति द्वारा जो नियुक्तियां की गई थीं, जिनकी प्रोन्नति होनी थी, वहां के कुलपति ने कार्यकारी परिाद की बैठक न बुलाकर उन लोगों के चयन को इकतरफा रद्द कर दिया।

â€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : बिहार का मामला है, मैं बुलाऊंगा।

श्री मनोज सिन्हा : महोदय, यह अत्यन्त गम्भीर मसला है। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय की अत्यन्त दुर्दशा हो रही है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि निश्चित रूप से मानव संसाधन मंत्री अविलम्ब इस मामले में दखल दें और वहां के जो अध्यापक कुलपति निवास के सामने खुली बरसात और आकाश के नीचे धरने पर बैठे हुए हैं, अविलम्ब उन लोगों की नियुक्तियां सुनिश्चित करायें। वहां के कुलपति का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। 20 मामले माननीय उच्च न्यायालय की अवमानना के उनके खिलाफ लम्बित हैं, आज उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं, अनुरोध करना चाहता हूं कि अविलम्ब हिन्दू विश्वविद्यालय में एक रैक्टर की स्थापना की जाये। दूसरे हिन्दू विश्वविद्यालय का जो बिल लगभग 27 वर्ाों से लम्बित है, मैं डॉ. जोशी जी को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इस आशय की एक समिति बनाई है। हिन्दू विश्वविद्यालय में जनतांत्रीकरण की, लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम हो सके, उसके लिए एक बिल इस सदन में लाने का कट किया जाये। मैं ये दो बातें आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं।